# राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

**सादर प्रकाशनार्थ :-**

**जयपुर, 28 जनवरी।** सफल भारत जोड़ो यात्रा के विस्तार में चल रहे हाथ से हाथ जोड़ो अभियान को लेकर जयपुर सम्भाग के प्रमुख कांग्रेसजनों की बैठक आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, जयपुर पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा तथा राजस्थान प्रभारी श्री सुखजिन्द्र सिंह रंधावा ने ली।

बैठक में उपस्थित कांग्रेसजनों को सम्बोधित करते हुये राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा ने कहा कि श्री राहुल गाँधी द्वारा पूरे देश में भारत जोड़ो यात्रा निकालकर प्रेम और आपसी भाईचारे का संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा को विस्तार देते हुये हाथ से हाथ जोड़ो अभियान दिनांक 26 जनवरी, 2023 से प्रारम्भ हुआ है जिसके तहत् दो माह तक प्रदेश के सभी कांग्रेसजन गाँव-गाँव, ढाणी-ढाणी, बूथ एवं हर घर जाकर जनसम्पर्क करेंगे। उन्होंने कहा कि अभियान के तहत् सभी कांग्रेसजन ब्लॉक स्तर पर पदयात्रायें निकालते हुये हर घर में श्री राहुल गाँधी का संदेश, राजस्थान की कांग्रेस सरकार की जनकल्याणकारी फ्लैगशिप योजनाओं की जानकारी तथा केन्द्र की भाजपा सरकार की विफलताओं के पर्चे वितरित करेंगे। उन्होंने कहा कि अभियान के तहत् सभी घरों पर हाथ से हाथ जोड़ो अभियान का स्टीकर लगाया जायेगा। उन्होंने कहा कि सभी नेता अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों में करवाये गये विकास कार्यों का उल्लेख करते हुये अपने प्रचार के पर्चे भी 60 दिन के इस अभियान के तहत् घर-घर पहुँचायें। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के सभी कार्यकर्ता प्रत्येक बूथ में अभियान के माध्यम से एक-एक घर जायें तथा जनता से सीधा संवाद करें। उन्होंने कहा कि अभियान की तैयोरियों हेतु राजस्थान प्रभारी श्री सुखजिन्द्र सिंह रंधावा, मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत तथा उन्होंने हनुमानगढ़ एवं श्रीगंगानगर में कार्यकर्ता सम्मेलन किये, कल अजमेर में अजमेर सम्भाग का सम्मेलन हुआ व उसी कड़ी में आज जयपुर सम्भाग का सम्मेलन आयोजित हुआ है। उन्होंने कहा कि वे तथा प्रभारी श्री रंधावा लगातार फील्ड में रहेंगे एवं इस अभियान के तहत् जनता के बीच कार्यकर्ताओं के साथ उपस्थित रहेंगे। उन्होंने कहा कि विधानसभा सत्र चल रहा है, इसलिये सभी विधायकगण जिस दिन विधानसभा का अवकाश हो, अपने-अपने क्षेत्रों में अभियान के तहत् पदयात्रा में

2.........

Created by Universal Document Converter

शामिल हों तथा सभी विधायक अपने कार्यकर्ताओं, ब्लॉक अध्यक्षगण, पार्षदगण, जनप्रतिनिधिगण को निर्देशित करें कि विधानसभा सत्र के दौरान भी क्षेत्र में पदयात्रा निरन्तर चलती रहे। उन्होंने कहा कि हाथ से हाथ जोड़ो अभियान की सफलता प्रदेश में पुनः कांग्रेस सरकार बनने का मार्ग प्रशस्त करेगी। उन्होंने कहा कि संगठनात्मक नियुक्तियों की कवायद जारी है, शीघ्र ही शेष ब्लॉक अध्यक्षगण एवं जिला अध्यक्षगण घोषित हो जायेंगे तथा जहाँ ब्लॉक अध्यक्ष घोषित हो चुके हैं उन ब्लॉकों की कार्यकारिणी बनाकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी को अनुमोदन हेतु शीघ्र भेजी जाये।

श्री डोटासरा ने कहा कि सभी कांग्रेसजन इस अभियान में जुटकर जनसम्पर्क करते हुये बूथ व मण्डल स्तर पर प्रमुख कार्यकर्ताओं का सोशल मीडिया वाट्सएप ग्रुप बनायें जो कि आगामी समय में उपयोगी सिद्ध होगा। उन्होंन कहा कि भाजपा ना तो राजस्थान सरकार के खिलाफ कोई मुद्दा बना पाई, ना ही कोई आन्दोलन कर सकी, बस झूठे तथ्यों के आधार पर पेपर लीक जैसे मुद्दों पर दुष्प्रचार कर रही है। उन्होंने कहा कि कोई सरकार नहीं चाहती है कि पेपर लीक हो, किन्तु पूरे देश में प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक होने की समस्या बनी हुई है। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार ने युवाओं के भविष्य को ध्यान में रखते हुये कड़े प्रबंध किये तथा पेपर लीक होने पर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करते हुये जनता के बीच पारदर्शिता के साथ समस्त जानकारी पहुँचाई, जबकि भाजपा के शासनकाल में पेपर लीक की जानकारी अभ्यर्थियों द्वारा दी जाकर कोर्ट में सबूत पेश करने पर न्यायालय आदेश से पेपर निरस्त हुये। उन्होंने कहा कि राजस्थान में यदि पेपर लीक हुआ तो मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने युवाओं के हितों को ध्यान में रखते हुये 31 हजार की भर्ती की जगह 51 हजार भर्तियां निकाली, पेपर करवाये, जिसमें से 16 हजार की तो भर्ती पूर्ण हो चुकी है। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार युवाओं को नौकरियां दे रही है तथा रोजगार उपलब्ध करवा रही है, इसी से कुंठित होकर भाजपा के नेता अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि चुनावी वर्ष में भाजपा के अनर्गल आरोपों के हमले और बढ़ेंगे, इसीलिये सभी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं का जनता के बीच जाना आवश्यक है क्योंकि वोट जनता देती है, इसलिये लड़ना है और जनता के बीच जाना होगा। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार का आगामी बजट भी लोक कल्याणकारी होगा तथा जो जनकल्याणकारी योजनायें अब तक लागू हुई हैं, उन्हें लेकर

**3.........**

Created by Universal Document Converter

जनता के बीच जाने पर जबरदस्त जनसमर्थन प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में आज कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता 15 किलोमीटर की पदयात्रा निकाल रहे हैं तथा जयपुर सम्भाग के नेता एवं कार्यकर्ता कल 15 किलोमीटर की पदयात्रा निकालेंगे। उन्होंने कहा कि सभी नेता एवं कार्यकर्ता संगठनात्मक कार्यों का फीडबैक तथा अपने-अपने सुझाव संगठन तक पहुँचायें तथा जिसे जो जिम्मेदारी मिली है उसे निभायें। उन्होंने कहा कि सभी संगठन के कार्यकर्ता हैं तथा संगठन के प्रति जिम्मेदारी निभाना कर्त्तव्य है। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा दिये गये कार्यक्रमों को सफल बनाने की जिम्मेदारी सभी कांग्रेसजनों की बराबर है। उन्होंने कहा कि जो भी अपने कर्त्तव्य में कोताही बरतेगा उसकी रिपोर्ट अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पास जायेगी तथा जो अपने कर्त्तव्य की पालना करेगा उसको सम्मान प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि सभी मिलकर एकजुटता के साथ कार्य करेंगे तथा प्रदेश में पुनः कांग्रेस की सरकार बने इस हेतु कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

बैठक को राजस्थान प्रभारी श्री सुखजिन्द्र सिंह रंधावा ने सम्बोधित करते हुये कहा कि जो जनता के बीच जायेगा तथा जनता के काम करेगा वह पार्टी में महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त करेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी कहते हैं कि केन्द्र सरकार ने देशभर के किसानों के खाते में राशि डाली तथा विभिन्न योजनाओं के तहत् 15 हजार करोड़ रूपये खर्च किये जबकि राजस्थान की कांग्रेस सरकार ने तो किसानों का 14 हजार करोड़ रूपये का कर्ज माफ कर दिया। उन्होंने कहा कि राजस्थान में चिरंजीवी योजना जैसी जनकल्याणकारी योजनायें कांग्रेस सरकार ने लागू की है, ऐसी एक भी लोक कल्याणकारी योजना केन्द्र सरकार ने लागू नहीं की है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार श्री राहुल गाँधी जनता के बीच रहकर कार्य कर रहे हैं उसी प्रकार सभी कांग्रेसजनों को हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत् कार्य करना है। उन्होंने कहा कि जिस मेहनत एवं लगन के साथ 1979 में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने वापसी के लिये मेहनत की थी, उसी प्रकार मेहनत करते हुये इस अभियान के द्वारा पुनः केन्द्र में सरकार बनाने का कार्य करना है। उन्होंने कहा कि वे कांग्रेस परिवार से आते हैं तथा पार्टी के अच्छे व बुरे दिन उन्होंने देखे हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी को महान् नेताओं ने अपने कार्यों के दम पर स्थापित किया है, उन नेताओं का सम्मान करते हुये आज सभी को यह समझना होगा कि कांग्रेस पार्टी के कारण ही सबका अस्तित्व है। उन्होंने कहा कि जो नेता जनता के बीच नहीं

4.........

Created by Universal Document Converter

जायेगा, जनता व कार्यकर्ताओं का दर्द नहीं समझेगा, वह राजनीति में सफल नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि राजस्थान में कांग्रेस बहुत मजबूत है, क्योंकि बड़े-बड़े नेताओं ने पार्टी की मजबूत नींव रखी है तथा वर्तमान में उन महान् नेताओं की विरासत को सम्भालने के लिये सभी को जन-जन के बीच जाना होगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने देश से अंग्रेजों को भगाने के लिये संघर्ष किया था तथा अब भाजपा जो कि हमारे स्वतंत्रता सैनानियों का सम्मान करने की बजाए माफी वीरों का गुणगान करती है को हटाने के लिये संघर्ष करना पड़ेगा, जो कि जनता के बीच जाये बगैर सम्भव नहीं है।

श्री रंधावा ने कहा कि विपक्ष की आवाज दबाने के लिये केन्द्र की भाजपा सरकार द्वारा संवैधानिक संस्थाओं का दुरूपयोग किया जा रहा है, आम जनता की आवाज को दबाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि श्री राहुल गाँधी आमजनता की दु:ख, तकलीफों एवं समस्याओं को उठाते हुये भारत जोड़ो यात्रा निकाल रहे हैं जिसे जबरदस्त जनसमर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के माध्यम से श्री राहुल गाँधी के भारत जोड़ो यात्रा के उद्देश्य को आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता सबसे महत्वपूर्ण होते हैं, यह बात सभी नेताओं को समझनी होगी। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की यदि सुनेंगे, तो कार्यकर्ता आपको सफलता दिलायेगा, इसलिये कार्यकर्ताओं की मंशा के अनुरूप काम करते हुये पार्टी की मजबूती के लिये कार्य करें। उन्होंने कहा कि सभी प्रभारी मंत्रीगण अपने प्रभार क्षेत्र में जायें तो यह सुनिश्चित करें कि किसी भी कार्यकर्ता का कोई काम ना रूके। उन्होंने कहा कि नेताओं को अपने कार्यकर्ताओं के संबंध में जानकारी होनी चाहिये कि उनके बताने से पहले ही कार्यकर्ता का काम हो जाये। उन्होंने कहा कि ब्लॉक अध्यक्ष पार्टी की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है तथा सभी कांग्रेस नेताओं को जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं का सम्मान करना चाहिये। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता एवं नेता हाथ से हाथ जोड़ो अभियान को सफल बनाने के लिये जुट जायें।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता श्री स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि बैठक में विभिन्न जिलों के विधानसभा क्षेत्रों से आये कांग्रेसजनों ने अपने-अपने विचार रखे। विचार रखने वालों में प्रमुख रूप से मंत्री श्रीमती ममता भूपेश, श्रीमती शकुंतला रावत, उप मुख्य सचेतक श्री महेन्द्र चौधरी, विधायक श्री सुरेश मोदी, श्रीमती कृष्णा पूनियां, डॉ. जितेन्द्र सिंह,

5.........

Created by Universal Document Converter

श्री जे. पी. चन्देलिया, श्री गोपाल मीणा, पूर्व विधायक श्री श्रवण कुमार, समाज कल्याण बोर्ड की चेयरमेन डॉ. अर्चना शर्मा, सीकर जिलाध्यक्ष श्रीमती सुनीता गठाला, श्री देवेन्द्र सिंह गोचर, श्री गुलाम मुस्तफा, श्री महावीर प्रसाद, श्री अजीत यादव, श्री आर. आर. तिवाड़ी, श्री सुमित भगासरा, श्री सांवर चौधरी खण्डेला शामिल थे।

उन्होंने बताया कि बैठक को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं राजस्थान सहप्रभारी श्री तरूण कुमार, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष डॉ. चन्द्रभान, जयपुर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के निवर्तमान अध्यक्ष श्री प्रतापसिंह खाचरियावास तथा हाथ से हाथ जोड़ो अभियान गठित प्रदेश स्तरीय समिति के संयोजक श्री रामसिंह कस्वा ने भी सम्बोधित किया। बैठक का मंच संचालन मुख्यालय सचिव श्री ललित तूनवाल ने किया।

**( स्वर्णिम चतुर्वेदी )**

प्रवक्ता

मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter